चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 16.9.24 | 4 | 4-6 |


# एचएयू में दो दिवसीय कृषि मेला आज, फसल अवशेष प्रबंधन पर मिलेगी विशेष जानकारी



कृषि मेले की तैयारियों को लेकर बैठक लेते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज। • पीआरओ

जागरण संवाददाता • हिसार : चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 16 व 17 सितंबर को मेला ग्राउंड में आयोजित होने वाले कृषि मेला (रबी) की सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मेले का शुभारंभ कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। इस मेले में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश तथा मध्यप्रदेश से हजारों की संख्या में किसान शामिल होते हैं और कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त करते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष आयोजित किए जा रहे मेले का मुख्य विषय फसल अवशेष प्रबंधन रखा है। इसलिए मेले में आने वाले किसानों को पराली जलाने की समस्या से निजात दिलाने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन तथा इसे सहजतापूर्वक करने में प्रयोग होने वाली विभिन्न मशीनों एवं यंत्रों की जानकारी दी जाएगी। इसको लेकर कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और दिशा-निर्देश भी दिए। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डा. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि विवि सभी विभागों द्वारा कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए ईजाद की गई नई टेक्नालाजी व कृषि उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। प्रदर्शनी में बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि मेले में किसानों के लिए रबी फसलों व सब्जियों की विभिन्न उन्नत किस्मों के बीजों की जानकारी प्रदान करने एवं इन बीजों की प्राप्ति की व्यवस्था है। मेले में मिट्टी व सिंचाई जल के नमूनों की सामान्य शुल्क पर जांच, रोगी पौधों की वैज्ञानिक जांच एवं निदान, खरीफ फसलों की नई किस्मों का प्रदर्शन आदि के विशेष प्रबंध किए हैं। मेले में आए किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ मौसम की फसलें दिखाई जाएंगी। मेले में कृषक महिलाओं को गृहविज्ञान संबंधी विशेष जानकारियां प्रदान की जाएंगी। संयुक्त निदेशक (विस्तार) डा. कृष्ण यादव ने बताया कि कृषि संबंधित समस्याएं एवं समाधान विषय पर प्रश्नोत्तरी सभा आयोजित की जाएगी व विवि के प्रकाशनों की बिक्री भी होगी।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 16.9.24 | 9 | 5-7 |

**हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली से पहुंचेंगे हजारों किसान**

# एचएयू में कृषि मेला आज से, तैयारियां पूरी

हिसार, 15 सितंबर (हप्र)

चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 16 व 17 सितंबर को मेला ग्राउंड में आयोजित होने वाले कृषि मेला (रबी) की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि करेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष आयोजित करने वाले मेले में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश तथा मध्यप्रदेश से हजारों की संख्या में किसान शामिल होते हैं और कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त करते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष आयोजित किए जा रहे मेले का मुख्य विषय फसल अवशेष प्रबंधन रखा गया है। इसलिए मेले में आने वाले किसानों को पराली जलाने की समस्या से निजात दिलाने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन तथा इस कार्य को सहजतापूर्वक करने में प्रयोग होने वाली विभिन्न मशीनों एवं यंत्रों की जानकारी दी जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कृषि मेले की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



हिसार में रविवार को एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज कृषि मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान। -हप्र

विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों द्वारा कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए ईजाद की गई नयी तकनीक व कृषि उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त प्रदर्शनी में बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि मेले में किसानों के लिए रबी फसलों व सब्जियों की विभिन्न उन्नत किस्मों के बीजों की जानकारी प्रदान करने एवं इन बीजों की प्राप्ति की व्यवस्था की गई है। मेले में मिट्टी व सिंचाई जल के नमूनों की सामान्य शुल्क पर जांच, रोगी पौधों की वैज्ञानिक जांच एवं निदान, खरीफ फसलों की नयी किस्मों का प्रदर्शन के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

मेले में आए किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ मौसम की फसलें दिखाई जाएंगी। मेले में कृषक महिलाओं को गृहविज्ञान संबंधी विशेष जानकारियां प्रदान की जाएंगी। संयुक्त निदेशक (विस्तार) डॉ. कृष्ण यादव ने बताया कि इस अवसर पर कृषि संबंधित समस्याएं एवं समाधान विषय पर प्रश्नोत्तरी सभा आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय के प्रकाशनों की बिक्री होगी। किसानों के मनोरंजन के लिए हरयाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी व्यवस्था होगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 16.9.24 | 2 | 2-4 |

# एचएयू में दो दिवसीय कृषि मेला आज से, तैयारियां पूरी

## कुलपति प्रो. कांबोज होंगे मुख्य अतिथि, प्रदर्शनी में बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी हिस्सा लेंगी



कृषि मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते वीसी प्रो. कांबोज। स्रोत : संस्थान

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सीसीएसएचएयू) में 16 व 17 सितंबर को मेला ग्राउंड में आयोजित होने वाले कृषि मेला (रबी) की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज बतौर मुख्य अतिथि करेंगे।

इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कांबोज ने कृषि मेले की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों द्वारा कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए तैयार की गई नई टेक्नालॉजी व कृषि उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे।

### कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए तैयार की गई नई टेक्नालॉजी व कृषि उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे

इसके अतिरिक्त प्रदर्शनी में बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि मेले में किसानों के लिए रबी फसलों व सब्जियों की विभिन्न उन्नत किस्मों के बीजों की जानकारी प्रदान करने एवं इन बीजों की प्राप्ति की व्यवस्था की गई है। मेले में मिट्टी व सिंचाई जल के नमूनों की सामान्य शुल्क पर जांच, रोगी पौधों की वैज्ञानिक जांच एवं निदान, खरीफ फसलों की नई किस्मों का प्रदर्शन आदि के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

मेले में आए किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ मौसम की फसलें दिखाई जाएंगी। मेले में कृषक महिलाओं को गृहविज्ञान संबंधी विशेष जानकारियां प्रदान की जाएंगी। संयुक्त निदेशक (विस्तार) डॉ. कृष्ण यादव ने बताया कि इस अवसर पर कृषि संबंधित समस्याएं एवं समाधान विषय पर प्रश्नोत्तरी सभा आयोजित की जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 16.9.24 | 5 | 1-4 |

# एचएयू में कृषि मेले की सभी तैयारियां पूर्ण, कुलपति प्रो. काम्बोज होंगे मुख्यातिथि

हिसार, 15 सितम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 16 व 17 सितंबर को मेला ग्राउंड में आयोजित होने वाले कृषि मेला (रबी) की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाने वाले इस मेले में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश तथा मध्यप्रदेश से हजारों की संख्या में किसान शामिल होते हैं और कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त करते हैं।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कृषि मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष आयोजित किए जा रहे मेले का मुख्य विषय फसल अवशेष प्रबंधन रखा गया है। इसलिए मेले में आने वाले किसानों को पराली जलाने की समस्या से निजात दिलाने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन तथा इस कार्य को सहजतापूर्वक करने में प्रयोग होने वाली विभिन्न मशीनों एवं यंत्रों की जानकारी दी जाएगी। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने कृषि मेले की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों द्वारा कृषि एवं ग्रामीण विकास हेतु ईजाद किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ मौसम की फसलें दिखाई जाएंगी। मेले में कृषक महिलाओं को गृहविज्ञान संबंधी विशेष जानकारियां प्रदान की जाएंगी। की गई नई टेक्नालॉजी व कृषि उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त प्रदर्शनी में बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी हिस्सा लेंगी। उन्होंने बताया कि मेले में किसानों के लिए रबी फसलों व सब्जियों की विभिन्न उन्नत किस्मों के बीजों की जानकारी प्रदान करने एवं इन बीजों की प्राप्ति की व्यवस्था की गई है।

मेले में आए संयुक्त निदेशक (विस्तार) डॉ. कृष्ण यादव ने बताया कि उम्दा फसल उत्पादन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए इस अवसर पर एक फसल प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। कृषि संबंधित समस्याएं एवं समाधान विषय पर प्रश्नोत्तरी सभा आयोजित की जाएगी तथा विश्वविद्यालय के प्रकाशनों की बिक्री भी होगी। उन्होंने बताया कि मेले में कृषि उत्पादन में बेहतर कार्य करने वाले प्रदेश के प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा। किसानों के मनोरंजन के लिए हरयाणवी सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी व्यवस्था होगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 16.9.24 | 3 | 1-2 |

# हकृवि में दो दिवसीय कृषि मेला आज से, सभी तैयारियां पूरी



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज कृषि मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए*

हिसार, 15 सितम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 16 व 17 सितंबर को मेला गाउंड में आयोजित होने वाले कृषि मेला (रबी) की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि करेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाने वाले इस मेले में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश तथा मध्यप्रदेश से हजारों की संख्या में किसान शामिल होते हैं और कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त करते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष आयोजित किए जा रहे मेले का मुख्य विषय फसल अवशेष प्रबंधन रखा गया है। इसलिए मेले में आने वाले किसानों को पराली जलाने की समस्या से निजात दिलाने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन तथा इस कार्य को सहजतापूर्वक करने में प्रयोग होने वाली विभिन्न मशीनों एवं यंत्रों की जानकारी दी जाएगी। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कृषि मेले की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों द्वारा कृषि एवं ग्रामीण विकास हेतु ईजाद की गई नई टेक्नालॉजी व कृषि उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। मेले में आए किसानों को विश्वविद्यालय के अनुसंधान फार्म पर वैज्ञानिकों द्वारा उगाई गई खरीफ मौसम की फसलें दिखाई जाएंगी। मेले में कृषक महिलाओं को गृहविज्ञान संबंधी विशेष जानकारियां प्रदान की जाएंगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 16.9.24 | 6 | 1-3 |

# हकृवि में कृषि मेले को लेकर तैयारियां पूरी

हिसार(सच कहूँ न्यूज)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 16 व 17 सितंबर को मेला ग्राउंड में आयोजित होने वाले कृषि मेला (रबी) की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्यातिथि करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाने वाले इस मेले में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश तथा मध्यप्रदेश से हजारों की संख्या में किसान शामिल होते हैं और कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त करते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष आयोजित किए जा रहे मेले का मुख्य विषय फसल अवशेष प्रबंधन रखा गया है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कृषि मेले की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विश्वविद्यालय के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी विभागों द्वारा कृषि एवं ग्रामीण विकास हेतु ईजाद की गई नई टेक्नालॉजी व कृषि उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि. भूमि | 16.9.24 | 12 | 1 |



## एचएयू में दो दिवसीय कृषि मेला आज से

हिसार। एचएयू 16 व 17 सितंबर को मेला ग्राउंड में आयोजित होने वाले कृषि मेला (रबी) की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वीसी प्रो. बीआर काम्बोज शुभारंभ करेंगे। मेले में हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश तथा मध्यप्रदेश से हजारों किसान शामिल होते हैं और कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त करते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष आयोजित किए जा रहे मेले का मुख्य विषय फसल अवशेष प्रबंधन रखा गया है। इसलिए मेले में आने वाले किसानों को पराली जलाने की समस्या से निजात दिलाने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन तथा इस कार्य को सहजतापूर्वक करने में प्रयोग होने वाली विभिन्न मशीनों एवं यंत्रों की जानकारी दी जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 16.9.24 | 2 | 7.8 |

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि रबी मेला आज


हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 16 व 17 सितंबर को मेला ग्राउंड में आयोजित होने वाले कृषि मेला रबी की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। इसमें विभिन्न प्रदर्शनी लगाई जाएंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 16.09.2024 | -- | -- |

# एचएयु में दो दिवसीय कृषि मेला आज से, मेले की सभी तैयारियां पूरी

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 16 व 17 सितंबर को मेला ग्राउंड में आयोजित होने वाले कृषि मेला (रबी) की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मेले का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज बतौर मुख्य अतिथि करेंगे।



उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाने वाले इस मेले में हरियाणा, पँजाब, राजस्थान, हिमाचल, दिल्ली, उत्तर प्रदेश तथा मध्यप्रदेश से हजारों की संख्या में किसान शामिल होते हैं और कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त करते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष आयोजित किए जा रहे मेले का मुख्य विषय फसल अवशेष प्रबंधन रखा गया है। इसलिए मेले में आने वाले किसानों को पराली जलाने की समस्या से निजात दिलाने के लिए फसल अवशेष प्रबंधन तथा इस कार्य को सहजतापूर्वक करने में प्रयोग होने वाली विभिन्न मशीनों एवं यंत्रों की जानकारी दी जाएगी। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कृषि मेले की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।